<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

दिनांक:– 08.02.2020

सड़क सुरक्षा सप्ताह
दिनांक 04 फरवरी से 10 फरवरी 2020

आज दिनांक 08.02.2020 को 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुर एवं होली स्पिरिट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में यातायात नियमों की जानकारी दी गई व होली स्पिरिट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में यातायात पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजकीय उम्मेद स्टेडियम से आमजन को जागरूक करने हेतु एक यातायात जागरूकता ऑटो रिक्शा रैली व कार्यशाला का आयोजन किया गया। बारहवी रोड़ चौराहा पर यातायात नियमों की होर्डिग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया व प्रमुख चौराहो पर आमजन व वाहन चालकों को पैम्पलेट वितरण के साथ वाहनों पर स्टीकर, रिफ्लेक्टर चिपकाये गये व वाहन चालको को गुलाब का फूल देकर गांधीगिरी के तहत समझाईश की जायेगी व शहर के विभिन्न चौराहो पर नुक्कड़, नाटक का आयोजन किया गया।

दिनांक 09.02.2020 को आखलिया चौराहा पर यातायात नियमो के होर्डिग बोर्ड की प्रदर्शनी लगाने के साथ शहर के प्रमुख चौराहा पर यातायात नियमों के पैम्पलेट वितरण के साथ वाहनों पर स्टीकर, रिफ्लेक्टर चिपकाये जायेंगे। प्रमुख चौराहो पर यातायात नियमों का प्रचार–प्रसार हेतु वाहन चालको को गुलाब का फूल देकर गांधीगिरी के तहत समझाईश की जायेगी व शहर के विभिन्न चौराहो पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा।

इस सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्वेश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आमजन में यातायात नियमों की जानकारी व जागरूता उत्पन्न करना है। आमजन व वाहन चालकों से भी अपील की जाती हैं कि वह यातायात नियमों की पालना कर सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनावें।

‘’युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन’’

"Bringing Change Through Youth Power"

ओर से

(नाथूसिंह)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

सड़क सुरक्षा सप्ताह
4 – 10 फरवरी, 2020
जागरुकता रैली
''युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन''
यातायात पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर

31 वीं सड़क सुरक्षा सप्ताह
4 – 10 फरवरी, 2020
यातायात जागरुकता रैली
"युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन"
यातायात पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर